## पंचायत देती है भूमाफिया को बिजली, पानी का अनापत्ति प्रमाण पत्र

# तामिया में खंडहर हो चुके शासकीय आवासों पर भूमाफिया की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर



तामिया आदिवासी विकासखंड के अंतर्गत विभागों में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों के निवास के लिए सरकारी आवास बनाए गए थे, जिन्हें परियोजना कार्यालय से समिति द्वारा कर्मचारियों को सीनियरिटी एवं पद के हिसाब से आवास आवंटित होते थे जिनमें निवास रत होकर सरकारी कार्य करते थे। लेकिन पिछले दो दशक से मरम्मत के अभाव में यह सरकारी आवास खंडहर में तब्दील होने लगे और कर्मचारी इन्हें खाली कर किराए के मकानों में रहने लगे और शासन का ध्यान नहीं जाने के कारण यह सरकारी आवास खंडहर का रूप ले चुके हैं। इनमें लगी निर्माण सामग्री भी लोग ले जा चुके हैं। ऐसे कई खंडहर स्कूल कॉलोनी सीएमराईज परिसर ब्लॉक कॉलोनी में कई भवन जमीदोज हो गए हैं, कुछ खंडहरनुमा भवनों में तत्वों ने डेरा डालकर उन पर अवैध कब्जा कर रखा है। ऊपर से तुर्राशाही कि हम सरकारी आवास को बचाए हुए हैं, लेकिन असल में इन आवासों में निवास के नाम पर अवैध कब्जे की गहरी साजिश है क्योंकि तामिया में इन दिनों बेशकीमती हो चुकी है तो उन्हें मुफ्त में लाखों की जमीन पर कब्जा करने में तनिक भी संकोच नहीं है, क्योंकि कोई भी अधिकारी कर्मचारी आज तक इन आवासों को देखने नहीं पहुंचा है उसका नतीजा कि लोग इनमें अतिक्रमण करने लगे हैं क्योंकि परियोजना कार्यालय भी लगभग बंद सा हो चुका है। परियोजना अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सहायक आयुक्त जनजाति विभाग छिंदवाड़ा के पास है, लेकिन उनके पास ऐसी कोई जानकारी ईन भानाओं की सूची नहीं पहुंच पाई। इस कारण पर इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाए हैं। यदि शीघ्र इन सरकारी आवासों में अवैध रूप से कब्जा कर निवास करने वालों के विरुद्ध आवास खाली करने संबंधी कार्रवाई नहीं की गई तो अतिक्रमणकारी शासकीय भूमि पर काबिज हो जाएंगे और ऐसी स्थिति होने खाली कराने में कानूनी पचड़े का सामना करना पड़ेगा क्योंकि इन सरकारी आवासों में कब्जा करने वालों को ग्राम पंचायत नल, बिजली, स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधा बिना परियोजना अधिकारी की अनापत्ति के पंचायत घोषित रूप से उन्हें जमीन एवं मकान का निवासी होने का प्रमाण पत्र जारी कर कानूनी पचड़े को उलझाना चाहती है।

ग्राम पंचायत के ऊपर भी बिना विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र देने की जांच होनी चाहिए। इस तरह अगर समय रहते परियोजना अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया तो आवास के साथ-साथ शासन की बेशकीमती जमीन साजिश के तहत कब्जाधारी हाथिया सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### रासेयो की छात्राओं ने किया पौधारोपण

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की स्वयंसेविकाओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम थीम पर महाविद्यालय में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एके टांडेकर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई अधिकारी डॉ रश्मि नागवंशी के मार्गदर्शन में पौधारोपण किया गया। इस दौरान छात्रा संतोषी, मोनिका, पिंकी, शारदा, राधा, ज्योति, करीना द्वारा जामुन, आम, जाम सहित अन्य फलदार छायादार पौधों का रोपण महाविद्यालय स्टाफ के साथ किया गया छात्राओं द्वारा यह पौधे अपनी मां के नाम समर्पित किए गए। छात्राओं की इस पहल की सभी ने सराहना भी की प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से किए गए पौधारोपण के लिए छात्राओं सहित एनएसएस अधिकारी को भी धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो आरडी वाडिवा, प्रो आरके चंदेल, प्रो मनोज मालवीय सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

### एक पेड़ माँ के नाम किया गया पौधारोपण

**छिंदवाड़ा।** आज शासकीय महाविद्यालय चांद में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित श्री भारत घई अध्यक्ष जनभागीदारी समिति प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स ने प्रकृति संरक्षण के लिए जागरूक रहने एवं सिर्फ वृक्षारोपण नही बल्कि उन्हें संरक्षित करने का संदेश दिया इस अवसर पर श्री प्रफुल ताम्रकर जी अध्यक्ष जनभागीदारी समिति चांद ने महाविद्यालय विकाश के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की , श्री अमर सिंह जी प्राचार्य,ने आश्वासन दिया कि विद्यार्थियों के हित के लिए वे सदैव प्रयासरत हैं आगे भी कार्य करते रहेंगे।

### सहायकों का प्रशिक्षण आज

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले के नगर परिषद न्यूटन चिखली के वार्ड क्रमांक-04 के पार्षद के रिक्त पद के निर्वाचन संपन्न कराने के लिये उप निर्वाचन (पूर्वार्ध्द) 2025 के लिये मतगणना कार्य हेतु 04 मतगणना पर्यवेक्षक एवं 08 मतगणना सहायकों का प्रशिक्षण 04 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक नगर परिषद न्यूटन चिखली सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) छिंदवाड़ा ने सभी मतगणना पर्यवेक्षक, एवं मतगणना सहायक निर्धारित तिथि व समय पर स्थान कार्यालय नगर परिषद न्यूटन चिखली सभाकक्ष में प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## साठ लीटर शराब की थी बरामद

# अवैध शराब का परिवहन कर रहे आरोपी को पहुंचाया जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त छिंदवाड़ा प्रभारी श्री आकाश मेश्राम द्वारा आज प्रातः के समय गश्त के दौरान अचानक मुखबिर से सूचना प्राप्त होने के बाद बोहता से चांद सड़क मार्ग की ओर अपनी टीम के साथ घेराबंदी की गई। बोरिया से बोहता की ओर दुपहिया वाहन टीवीएस जुपिटर से एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया, जिसे टीम ने रोककर उससे पूछताछ की और उसकी जुपिटर वाहन में प्लास्टिक की कुप्पी एवं दो प्लास्टिक की बोरियों के अंदर पन्नियों में भरे तरल द्रव की माप और जांच के पश्चात तरल द्रव को महुआ निर्मित हाथ भट्टी मदिरा होना पाया, जो कि कुल जमा 60 बल्क लीटर होना पाया। आरोपी श्री रामकृपाल सराठे ने बताया कि यह शराब वह बिछुआ के आसपास के क्षेत्र से लाकर छिंदवाड़ा में सप्लाई करता है। आरोपी के विरूध्द मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम संशोधित 2000 की धारा 34(1)क, 34(2) एवं 46(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां माननीय न्यायाधीश महोदय द्वारा उसे जेल भेज दिया गया।

# अमानवीय कृत्य वाली घटना की अमान्य

## पुलिस ने आरोपियों पर एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले के हर्रई थाना अंतर्गत ग्राम तुईयापानी में हाल ही में एक युवक से मारपीट के वायरल मामले में छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है। पुलिस विभाग के अनुसार 29 जून को ग्राम तुईयापानी स्थित नेशनल हाईवे पर राजा चौकसे के ढाबा में कार्यरत आफत बट्टी तथा नवीन बट्टी का ढाबा संचालक से पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। दोनों युवक काम छोड़कर घर लौट आए।

इसी विवाद के चलते उसी रात लगभग 10 बजे आरोपीगण राजा चौकसे, गोलू मालवीय और अंकित कहार (निवासी हर्रई) तुईयापानी में राजकुमार बट्टी के घर पहुंचे और लाठी-डंडों से मारपीट की।इस प्रकरण में पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए 30 जून 2025 को आरोपी राजा चौकसे को गिरफ्तार किया गया एवं धारा 151 के अंतर्गत भी कार्रवाई की गई। घटना पर फरियादी राजकुमार बट्टी द्वारा थाना हर्रई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर से संबंधित धाराओं सहित एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

वायरल वीडियो व मीडिया में बाद में जो अमानवीय कृत्य जैसे पेशाब पिलाने या मुंह पर थूकने की बात सामने आई, वह FIR दर्ज करते समय फरियादी द्वारा नहीं बताई गई थी और ना ही वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई थी। गांव लौटने के बाद अगली सुबह फरियादी द्वारा अन्य लोगों के समक्ष इन बातों का उल्लेख किया गया, जिनके संबंध में कोई प्रमाण अब तक प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। पुलिस द्वारा इस संबंध में फरियादी से आगे भी पूछताछ कर वस्तुस्थिति स्पष्ट की जा रही है।

इस संबंध में अमरवाड़ा एसडीएम से भी प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार बट्टी पिता शोभाराम बट्टी निवासी ग्राम तुईयापानी तहसील हर्रई के साथ दिनांक 29 जून 2025 को रात करीब 10:00 बजे मारपीट की घटना हुई थी। उनके चचेरे भाई आफत बट्टी और भाई नवीन बट्टी राजा चौकसे के ढाबे में काम करते थे। पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद के बाद आफत और नवीन ढाबे से काम छोड़कर लौट आए थे।

### रावनवाड़ा में हुई शांति समिति की बैठक

**रावनवाड़ा / परासिया :-** आगामी 6 जुलाई रविवार को मुहर्रम के त्यौहार को देखते हुए रावनवाड़ा पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक हुई । जिसमें कर्बला स्थल और अन्य स्थानों में प्रकाश , सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई । बैठक में हर्रई , रावनवाड़ा दिघावानी के सरपंचो को प्रकाश और सफाई व्यवस्था बनाने के लिए कहा गया । छिंदा और रावनवाड़ा खास की अंजुमन कमेटी को भी दिघावानी से क़र्बला स्थल तक आवश्यक्तानुसार प्रकाश व्यवस्था बनाने को कहा गया ।शिवपुरी थाना प्रभारी कंचन सिंह राजपूत ने सुरक्षा के लिए पुलिस बल पुरे समय उपलब्ध कराने की बात कही । साथ ही बेहतर व्यवस्था के लिए वालेन्टियर्स का सहयोग भी माँगा । बैठक में शामिल पूर्व जनपद अध्यक्ष रईस खान ने कर्बला स्थल पर तेराको की व्यवस्था करने की मांग रखी । बैठक में नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी , एस आई श्री मरावी , ए एस आई श्री नामदेव , हर्रई सरपंच पति , रावनवाड़ा सरपंच अरुण नवैत , उप सरपंच नियाज खान , दिघावानी सरपंच पति दीपक जायसवाल , ठेकेदार शमीम अहमद , समीर खान , शेख साबिर , दिनेश ठाकुर सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।

# जिले में अभी तक 221.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिंदवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 221.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 198.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 03 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 0.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 03 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील तामिया में 01, परासिया में 01, जुन्नारदेव में 5.2 और उमरेठ में 03 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 202.8, मोहखेड़ 241.1, तामिया में 185, अमरवाड़ा में 300.4, चौरई में 165, हर्रई में 315.8, बिछुआ में 127.4, परासिया में 151, जुन्नारदेव में 224.8, चांद में 196.9 और उमरेठ में 337.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### समीक्षा बैठक का आयोजन 9 जुलाई को

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर कार्यालय जिला छिंदवाड़ा के मिनी सभाकक्ष में 09 जुलाई 2025 बुधवार को प्रातः 11 बजे से जिले की नगरीय निकायों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व वसूली तथा सीएम हेल्पलाईन के क्रियान्वयन तथा लक्ष्य पूर्ति के लिये मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण छिंदवाड़ा ने इस बैठक में निकाय के उपयंत्री के साथ ही मुख्य नगरपालिका अधिकारी व नगरपालिका/नगरपरिषद के सभी संबंधित अधिकारियों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### बीएमएस पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

**परासिया :** श्रमिक संगठन बी एम एस के पेंच - कन्हान कोयला क्षेत्र के अध्यक्ष महामंत्री सहित 15 पदाधिकारी ने अपने पद से इस्तीफा दिया है । इस्तीफा देने के पीछे संगठन में अंदरूनी चल रही असमंजस की स्थिति बताई जा रहा है । इस संबंध में संगठन के महामंत्री तेज प्रताप शाही के द्वारा एक सूचना जारी की गई है जिसमें कहा गया है , कि दिनाँक 28 मई 2025 को हुये भा. को.ख.म.संघ, म.प्र., पेंच-कन्हान का 58 वाँ क्षेत्रीय वार्षिक अधिवेशन में हुये घटनाक्रम व उसके उपरांत आज दिनाँक तक लगातार प्रदेश अध्यक्ष के सह पर उनके समर्थकों द्वारा समानांतर संगठन चलाने के कारण लगातार क्षेत्र में असमंजस का वातावरण बना हुआ है , जिससे सभी पदाधिकारी आहत होकर अध्यक्ष , भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ, म.प्र., पेंच-कन्हान के नेतृत्व में कुल 15 केंद्रीय पदाधिकारी अपने पद से त्याग पत्र महासंघ एवं प्रदेश को प्रेषित कर दिये है ।

# अधीक्षण अभियंता ने किया सांवरी वितरण केंद्र का निरीक्षण

## गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति, सफाई व्यवस्था और बकाया वसूली पर दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा के अधीक्षण अभियंता श्री खुशियाल शिववंशी द्वारा आज वितरण केंद्र सावरी तथा 33/11 के.वी. उपकेंद्र सावरी, लावाघोगरी एवं मुजावर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सावरी वितरण केंद्र में कनिष्ठ अभियंता द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। कृषि पंप, घरेलू एवं गैर-घरेलू विद्युत कनेक्शनों में लंबित बकाया पर शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अधीक्षण अभियंता श्री शिववंशी ने उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति, फीडरों में ट्रिपिंग की समस्या को कम करने, उपकेन्द्रों की सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा सबस्टेशन में ऑपरेटर को प्रतिदिन 8 घंटे की नियमित ड्यूटी देने पर विशेष जोर दिया।

उपकेंद्र सावरी में साफ-सफाई की स्थिति ठीक नहीं पाई जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण में लॉगबुक, ट्रिपिंग रजिस्टर, परमिट बुक का भी अवलोकन कर उन्हें निर्धारित प्रारूप में संधारित करने को कहा गया। लावाघोगरी उपकेंद्र में बंद व खराब व्हीसीबी को शीघ्र सुधारने के लिये एसटीसी-एसटीएम संभाग को निर्देशित किया गया। वहीं मुजावर उपकेंद्र में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर पाए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

# कमलनाथ ने दी लाखों रुपए के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने लाखों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है। छिन्दवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। उक्त राशि से सभागृह, गेट निर्माण, बाउंड्रीवाल व पानी के टेंकर प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं छिन्दवाड़ा विधानसभा से विधायक कमलनाथ द्वारा अनुशंसित खनिज मद के विकास कार्यों को स्वीकृति मिल चुकी है। छिन्दवाड़ा विधानसभा में 63 लाख 50 हजार रुपयों की राशि से 26 कार्य पूर्ण होंगे जिससे क्षेत्र की जनता सीधी लाभांवित होगी। माननीय कमलनाथ जी द्वारा प्रदान की गई राशि से सभागृह, स्वागत गेट, बाउंड्रीवाल, पानी टेंकर, पुल, प्रार्थना भवन, बोरवेल, रंगमंच, सामुदायिक भवन, सीसी रोड, टीन शेड निर्माण, कलामंच व रोड सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य सम्मिलित है। कमलनाथ के द्वारा प्रदान किए गए खनिज मद की राशि से ग्राम बीजेपानी मोक्षधाम में सभागृह निर्माण हेतु 250000, ग्राम भानादेही में स्वागत गेट निर्माण हेतु 100000, ग्राम माल्हनवाड़ा में मोक्षधाम में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 250000, ग्राम कोटलबर्री में पेयजल हेतु पानी का टेंकर 150000 रुपए कार्य होंगे।

### मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग खेल अकादमी द्वितीय चरण के लिये हुआ चयन

**जुन्नारदेव।** मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग एकेडमी प्रवेश के लिए चयन प्रक्रिया का आयोजन जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया जी के मार्गदर्शन में 27 जून 2025 को ओलंपिक स्टेडियम ग्राउंड छिंदवाड़ा में किया गया।विकास खंड समन्वयक विभा तारन ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलावरकला जुन्नारदेव के 6 बालकों, अजय अहाके, गौरेंद्र यदुवंशी रावेंद्र भागरथ इवनाती, राहुल कुमरे, वरुण सलाम एवं अभय पन्द्राम ने शॉट गन/राइफल हेतु ट्रॉयल दिया जिसमें अजय जतनलाल अहाके ने पहले ही राउंड में सफलता प्राप्त की। अजय और रावेंद्र का चयन स्टेट शूटिंग एकेडमी गोरेगांव नियर माखनलाल यूनिवर्सिटी बरखेड़ा भोपाल के लिए हुआ है, अजय और रावेंद्र 7 जुलाई 25 को भोपाल में ट्रायल देंगें। अजय और रावेंद्र को अपने लक्ष्य पर सफलता पाने हेतु बिलावरकला प्राचार्य अनिल सूर्यवंशी, प्रधान पाठक गनी कुमरे, समन्वयक विभा तारन खेल युवा कल्याण विभाग के समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# लोधीखेड़ा नगर पंचायत में हो रहे हैं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

लोधीखेड़ा में नगर पंचायत के द्वारा किए जा रहे हैं निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने के आप और घटिया निर्माण को लेकर कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को तहसील कार्यालय सौसर में पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते निर्माण कार्यों की जांच एवं ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की है।

इसके पूर्व अभी नगर पंचायत के पार्षदों के द्वारा विभिन्न वार्डों में सड़क नाली निर्माण कार्यों में गुणवत्ताहीन सामग्री के निर्माण और भ्रष्टाचार को लेकर सौसर से लेकर तो भोपाल तक अधिकारियों को शिकायतें की गई है बावजूद इसके लोधीखेड़ा नगर पंचायत में निर्माण कार्य करने वाली एजेंसी और ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।सौसर ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष विलास जोगी,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीकांत तिडके ने बताया नगर पंचायत लोधीखेड़ा में नियमों के विरुद्ध में जाकर निर्माण कार्य किया जा रहे हैं,नगर के सड़कों के निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार, नियमों की अनदेखी को लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन को शिकायतें की गई है बावजूद इसके घटिया निर्माण कार्यों पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सौंसर ज्ञापन सौंपने आए कांग्रेस नेताओं ने बताया की लोधीखेड़ा की नव निर्मित सड़क जो कि कुछ ही महीनों पहले बनी हुई है, अब सड़कों पर गिट्टी दिखाई देने लगी है। सड़क जगह-जगह से उखड़ने लग गई है,सड़कों के निर्माण में हो रही अनियमिताओं, निर्माण के नियमों के उल्लंघन और भ्रष्टाचार को संज्ञान में लेते हुए उचित जांच करने की माग की है। नगर पंचायत में निर्माण कार्य के दौरान हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## बैतूल में शुरू हुई पदयात्रा में बैतूल के जनप्रतिनिधि और समाजसेवी हुए शामिल

# पदयात्रा में प्रतिदिन बढ़ रही दादा भक्तों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा छिन्दवाड़ा से खंडवा तक निकाली जा रही 14 दिवसीय 411 किलोमीटर की पदयात्रा में रोजाना दादा भक्तों की संख्या बढ़ते ही जा रही है। रोजाना नये पदयात्री यात्रा में शामिल होने से पदयात्रियों के हौसलों में बढ़ोत्तरी हो रही है। सांसद श्री साहू ने अपने आठवे दिन की पदयात्रा की शुरूआत बैतूल शहर से की। इस दौरान बैतूल के कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवियों ने पदयात्रा में शामिल होकर सांसद श्री साहू एवं पदयात्रियों के लिए आगे भी पदयात्रा के लिए मंगल कामना की। सांसद श्री साहू ने पदयात्रा के दौरान बैतूल के आगे ग्राम मोहपानी में वन विभाग के अधिकारीयों और कर्मचारियों के साथ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

रोजाना की तरह पदयात्रा की शुरूआत पदयात्रा के चल रहे रथ में विराजित मां नर्मदा के जलकलश और दादाजी धुनीवाले की विधि विधान से पूजा अर्चना और आरती के साथ की गई। बैतूल से शुरू हुई पदयात्रा के दौरान जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर जी (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल जी के बड़े भाई श्री मुकेश खंडेलवाल जी के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी रथ में विराजित मां नर्मदा के जलकलश और दादाजी धुनीवाले की पूजा अर्चना कर सांसद श्री साहू और पदयात्रियों का स्वागत करते हुए पदयात्रा में शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान कई गांवों के ग्रामीणजन और महिलाएं भी पदयात्रा में शामिल हुई।

बैतूल बॉयपास रोड में स्थित एल.वी. लॉन से सांसद श्री साहू और पदयात्रियों ने मां नर्मदा और दादाजी धुनीवाले की पूजा अर्चना और आरती के बाद अपने आठवे दिन की यात्रा शुरू की। यात्रा विभिन्न गांवों और कस्बों से होते हुए दोपहर में श्री जी राधा रानी मंदिर प्रांगण देवगांव पहुंची जहां पर सांसद श्री साहू और पदयात्रियों ने दोपहर का भोजन किया। दोपहर के भोजन के बाद यात्रा कई गांवों और कस्बों से होते हुए रात में ग्राम चिखली पहुंची, जहा पर सांसद श्री साहू और पदयात्रियों ने रथ में विराजित मां नर्मदा के जलकलश और दादाजी धुनीवाले की विधि विधान से पूजा अर्चना और आरती के बाद रात्रि विश्राम किया।

**पदयात्रा में यह हुए प्रमुख रूप से शामिल**

पदयात्रा के आठवे दिन पदयात्रा में प्रमुख रूप से बैतूल के कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, बल्लू नागी, शैलेन्द्र बबलू रघुवंशी, राकेश बेलवंशी, भूषण सूर्यवंशी, देवी पाल, नवीन बारस्कर आदि मौजूद रहे।

### नंदकिशोर को दी वन विभाग में विदाई

**सौंसर।** वन विभाग में विदाई समारोह का आयोजन वन विभाग एसडीओ प्रमोद चोपडे की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग में कार्यरत कर्मचारी नंदकिशोर भोयर के सेवानिवृत्ति पर वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियो शाल श्रीपाल एवं स्मृति चिन्ह उपहार देकर विदाई दी गई,कार्यक्रम में अनु विभागीय वन अधिकारी प्रमोद चोपड़े,रेंजर शिव शंकर चतुर्वेदी आदि के द्वारा वन अधिकारी एवं कर्मचारीयो ने नंद किशोर भोयर का शाल और श्रीफल से सम्मानित किया गया।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A. M.C.A.
Serving Edu. for the Past 25 Year
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
M.Sc. CS M.C.S.
DCA/PGDCA
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara Mob.- 9752880363,9753304877, 7898075114

## आदिवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का लिया जायजा

# पातालकोट में आदिवासियों से मिला राष्ट्रीय मीडिया दल, विकास कार्यों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के कार्यों का जायजा लेने राष्ट्रीय मीडिया दल मध्य प्रदेश के दौरे पर है। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय (टी.आर.आई. एवं मीडिया प्रभाग)शास्त्री भवन, नई दिल्ली एंवजनजातीय कल्याण विभाग मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पी.आई.बी. के प्रेस टूर से संबंधित व्यवस्थाएं की गई। पी.आई.बी. द्वारा कार्यान्वित की जा रही प्रमुख भारत सरकार की योजनाओं के बारे में उन्हें जानकारी प्रदान करने के लिए क्षेत्रीय स्थानों पर मीडिया टूर आयोजित करने का उद्देश्य मीडिया प्रतिनिधियों को लाभार्थियों और अन्य हितधारकों के साथ सीधे जुड़ने और इन पहलों के परिणामों को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर प्रदान करना है और साथ ही सफलता की कहानियों, नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं को उजागर करना है। पीआईबी ने मीडिया आउटरीच कार्यक्रम - विशेष आयोजनों के लिए प्रचार के तहत प्रस्तावित प्रेस टूर आयोजित किया है। इस दौरे में डिप्टी डायरेक्टर रामेश्वर नाइक,जनजातीय मामलों के एएसओ अनिकेत राज मीडिया संस्थान के प्रतिनिधियों में शशि भूषण ,प्रह्लाद सिंह राजपूत, गौतम देबरॉय,संजीव कुमार, गौरव सैनी पीटीआई, जगजीत सिंह,उमेश अतुलकर, निखिल कुमार,अंकित तिवारी जनजातीय मामलों के मंत्रालय से एक संचालन अधिकारी और एक समन्वयक सहित 10 पत्रकार शामिल है।मध्यप्रदेश में प्रेस टूर 2 से 4 जुलाई, 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य मध्य प्रदेश (छिंदवाड़ा और विदिशा, और रायसेन) में विभिन्न स्थानों पर जनजातीय मामलों के मंत्रालय की योजनाओं जैसे पीएम-जनमन, ईएमआरएस और वीडीवीकेएस के कार्यान्वयन की वास्तविक समय की प्रगति का दस्तावेजीकरण करना है। इस दौरे के तहत दल ने 2 जुलाई को विदिशा का भ्रमण किया और आज, 3 जुलाई को छिंदवाड़ा जिले के तामिया पातालकोट और जनजातीय संग्राहलय दौरा हुआ। छिंदवाड़ा में मीडिया दल ने विशेष रूप से पातालकोट क्षेत्र में जनजातीय समुदायों से मुलाकात की और उनके कल्याण व विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। इस दौरान दल ने एकलव्य आवासीय विद्यालय में मीडिया दल का स्वागत सहायक आयुक्त सत्येंद्र मरकाम,एकलव्य प्राचार्य राजेंश कुशवाह ने किया। मीडिया दल को वाइस प्रिंसीपल श्री दिनेश ने विधालय के प्रगति प्रतिवेदन से अवगत कराया। विधालय परिसर हॉस्टल का निरीक्षण किया। मीडिया दल एकलव्य विधालय तामिया के बच्चों से रूबरू हुए जहां पर उन्हें एक अद्भुत प्रतिभावान बच्चे अमन पंदराम से मिले जिसे राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है कक्षा नवमी के छात्र अमन पंदराम को ढोलक बजाने में महारत हासिल है। इस दौरान एरिया ऑर्गनाइजर श्री बोरकर,सांदीपनि विधालय प्राचार्य बीके सानेर, बीएमओ जितेंद्र ऊइके मौजूद रहे ।इसके साथ ही छिंदवाड़ा के श्री बादल भोई राज्य आदिवासी संग्रहालय का भी निरीक्षण कर आदिवासी संस्कृति को समझा और वन धन केंद्र पातालकोट का दौरा किया। इसके अतिरिक्त, चिमटीपुर के छात्रावास में भी पातालकोट के आदिवासियों से गहन बातचीत की गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर उप निदेशक, पीआईबी रामेश्वर नाईक, आदिम जाति कल्याण विभाग, छिंदवाड़ा के सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम, एकलव्य प्राचार्य राजेंश कुशवाह,सीएम राइज प्राचार्य बीके सानेर भी मौजूद थे, जिन्होंने स्थानीय जनजातीय कल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी। केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रचार अधिकारी श्री राम सहाय प्रजापति और एरिया ऑर्गेनाइजर श्री मनीष बोरकर ने भी दल के साथ भ्रमण किया।स्थानीय मीडिया से श्री महेंद्र राय, श्री करण विश्वकर्मा और पत्रकार श्री नितिन दत्ता शैलेन्द्र डेहरिया भी इस कवरेज में शामिल रहे।

## मेडिकल संचालन में अनियमितता बरतने पर छः दवा दुकानों के ड्रग लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार एवं उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षक श्री गौरव शर्मा द्वारा आज जिला छिंदवाड़ा स्थित दवा दुकानों की जाँच की गई। जाँच में मेसर्स अमित मेडिकल स्टोर्स हाई स्कूल के पास, बाज़ार रोड चांदामेटा, तहसील परासिया, मेसर्स अरिहंत मेडिकल फव्वारा चौक, पुराना बस स्टैंड के पास अमरवाड़ा, तहसील-अमरवाड़ा, मेसर्स दीपक मेडिकल मेन रोड अंबेडकर पार्क के पास अमरवाड़ा, मेसर्स भारत मेडिकल एजेन्सीज दुकान क्रमांक-11, पदम कॉम्प्लेक्स, सिवनी रोड तहसील छिंदवाड़ा, ईश्वराम्मा मेडिकल एंड सर्जिकल दुकान क्रमांक-22 एवं 23 जिला अस्पताल के पास टीआईटी कॉम्प्लेक्स नागपुर रोड जिला छिंदवाडा, मेसर्स उज्ज्वल मेडिकल स्टोर्स वेला विश्वकर्मा की दुकान, वार्ड क्रमांक-04 रेल्वे ब्रिज के पास पिपरिया रोड तहसील-परासिया में औषधि एवं प्रशाधन सामग्री अधिनियम 1940 की नियमावली 1945 के नियम 65 का उल्लंघन पाए जाने पर जाँच प्रतिवेदन तैयार कर औषधि अनुज्ञापन अधिकारी छिंदवाडा को प्रेषित किया गया। औषधि अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा दुकान के मालिक/पार्टनर/संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण माँगा गया।

मेसर्स अमित मेडिकल स्टोर्स हाई स्कूल के पास बाज़ार रोड चांदामेटा तहसील परासिया के प्रोपराइटर द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण समाधानकारक एवं संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन अधिकारी छिंदवाडा के आदेश 06 जून 2025 द्वारा दुकान के प्रोपराइटर को स्वीकृत ड्रग लाइसेंस आदेश प्राप्ति दिनांक से 10 दिवस के लिए निलंबित किये गए। निलंबन अवधि में इस दवा दुकान से औषधियों का क्रय एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

अरिहंत मेडिकल फव्वारा चौक पुराना बस स्टैंड के पास अमरवाड़ा जिला छिंदवाडा के प्रोपराइटर द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण समाधानकारक एवं संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन अधिकारी छिंदवाडा के आदेश 06 जून 2025 द्वारा दुकान के प्रोपराइटर को स्वीकृत ड्रग लाइसेंस आदेश प्राप्ति दिनांक से 05 दिवस के लिए निलंबित किये गए। निलंबन अवधि में इस दवा दुकान से औषधियों का क्रय एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## आठ दिवसीय महापर्व अष्टान्हिका का हुआ शुभारंभ

### नगर के जैन मंदिरों में प्रारंभ हुए पूजन विधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जैन दर्शन के अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका का मंगलमय शुभारंभ आषाढ़ शुक्ल अष्टमी गुरुवार के शुभ दिन विविध अनुष्ठानों के साथ हुआ जो आगामी आठ दिन आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा 10 जुलाई तक चलेगा। मंगलमय प्रसंग पर नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में श्री नंदीश्वर दीप बाबन पूजन विधान का भव्य शुभारंभ मंगल कलश, जिनवाणी एवं अष्ट मंगल द्रव्यों की स्थापना के साथ हुआ। जिसका सौभाग्य जिनशासन सेविका श्राविकाओं को प्राप्त हुआ।मंगलकारी विधान में मंडल के मंत्री अशोक वैभव सहित पंडित ऋषभ शास्त्री, वर्धमान जैन, सचिन जैन, विवेक जैन, आशीष कौशल एवं जूली पाटनी के साथ बड़ी संख्या में श्रावकगणों ने जिनशासन के मंगलगान करते हुए देव - शास्त्र - गुरु भगवन्तों की मंगल आराधना की ओर चंबर नृत्य करते हुए जिनशासन की मंगल प्रभावना की।मंगलमय प्रवचनों की श्रृंखला में स्वाध्याय भवन में गुरुदेवश्री के सीडी प्रवचनों में गायक भगवान आत्मा की महिमा जानी ओर संध्या की बेला पर अष्टान्हिका महापर्व का स्वरूप जाना। आठ दिवसीय मंगल महोत्सव को लेकर सकल जैन समाज में अपार उत्साह का वातावरण बना हुआ है और नगर के समस्त दिगंबर जिनालय एवं चैत्यालय अष्टान्हिका महापर्व के मंगलगान से गुंजायमान हो रहे हैं।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल द्वारा छिन्दवाड़ा विकासखण्ड के अतरवाड़ा संकुल के प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय एवं हाईस्कूल पिंडरईकलां, हाईस्कूल बोरिया एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय अतरवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हाईस्कूल बोरिया में कुल दर्ज 32 विद्यार्थियों में से 31 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये एवं कुल 7 शिक्षकों में से 6 शिक्षक उपस्थित पाये गये। पिंडरईकलां विद्यालय में कुल 117 विद्यार्थियों में से 110 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये, जबकि अतरवाड़ा विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं में कुल 206 विद्यार्थियों में से 172 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये। इन सभी विद्यालयों में पाठ्य पुस्तक निगम से प्राप्त निःशुल्क पुस्तकों का विद्यार्थियों को वितरण किया जा चुका है एवं एक पेड़ माँ के नाम के अतर्गत विद्यालयों द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल द्वारा विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों से चर्चा कि गई एवं शिक्षकों को शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, नामांकन एवं मैपिंग का कार्य पूर्ण करने, मासिक मूल्यांकन कर परीक्षा परिणाम तैयार कर कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने, शिक्षण में आई.सी.टी. का उपयोग करने, पाठ्यक्रम पंजी एवं डेली डायरी नियमित रूप से लिखने के लिये निर्देशित किया गया।

### जिले में शांति और सद्भाव के साथ मनाया जायेगा मोहर्रम का त्यौहार

**छिन्दवाड़ा।** मोहर्रम का पर्व चांद नज़र आने के बाद 27 जून से प्रारंभ हो गया है, जो 06 जुलाई 2025 तक मनाया जायेगा। मोहर्रम की पहली तारीख से दस तारीख तक विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। जिले में मोहर्रम पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थायें बनाये रखने के लिये आज कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

## दमुआ में गौ तस्करी के खिलाफ राष्ट्रीय हिन्दू सेना का कड़ा रुख, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन




**जुन्नारदेव।** दमुआ में बढ़ती गौ तस्करी की घटनाओं के विरोध में राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने आज दमुआ थाने में एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि गौ तस्करी पर तत्काल अंकुश लगाया जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि इन घटनाओं पर रोक नहीं लगाई गई, तो राष्ट्रीय हिन्दू सेना उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित राजपूत ने कहा, ₹गौ तस्करी न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं पर भी प्रहार है। प्रशासन को इस पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।₹ इस अवसर पर संगठन के प्रदेश प्रभारी यमन साहू, संयुक्त प्रभारी पवन तिवारी, दमुआ के कार्यकर्ता और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने की जांच, सभी पेट्रोल पंपों की हुई जांच




हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के काफिले की 19 गाड़ियों में मिलावटी डीजल मिलने की घटना ने प्रदेश भर में हड़कंप मचा दिया है. इस घटना के बाद रतलाम शहरी सीमा के डोसीगांव में स्थित उस पंप को सील कर दिया गया है जहां से सीएम के काफिले की गाड़ी में डीजल भरवाया गया था. इस घटना ने प्रदेश भर के पंपों में मिलने वाले ईंधन की गुणवत्ता के मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए. आनन-फानन में मध्य प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेशभर के पेट्रोल पंपों की गहन जांच कराने और प्रतिदिन ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं. जिसके बाद विभाग ने पूरे प्रदेश के पेट्रोल पंपों की जांच शुरू कर दी है. इस निर्देश का पालन करते हुए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पी.एल.वलाड़ी ने पटवारी जागेन्द्र चौधरी और अश्विनी पटले के साथ गुरूवार को कटंगी शहर के सभी पेट्रोल पंप की बारी-बारी से जांच की. निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने पेट्रोल-डीजल की गुणवत्ता सहित नाप तौल की गहन जांच की और सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया. पेट्रोल-डीजल के नमूनों में किसी भी प्रकार की कोई मिलावट और अनियमितता नहीं पाई गई. अधिकारी ने पेट्रोल पम्पों में आवश्यक नागरिक सुविधाएं जैसे निःशुल्क हवा, पेय जल, महिला और पुरुष के लिए पृथक-पृथक शौचालय की व्यवस्था को भी देखा और शौचालयों की प्रतिदिन साफ सफाई करने के भी निर्देश दिए। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने जांच में यह भी सुनिश्चित किया कि पेट्रोल पम्पों के भूमिगत टैंकों में किसी प्रकार का जल रिसाव तो नहीं हो रहा है. उन्होंने गैसोला वाटर फाइंडिंग पेस्ट के जरिए टैंक में कहीं पानी की मात्रा तो नहीं है इस बात की भी पड़ताल की. अधिकारी ने बताया कि यह एक विशेष प्रकार का पेस्ट है जो पेट्रोल में पानी की उपस्थिति का पता लगाने के लिए डिज़ाइन किया गया है. जब इस पेस्ट को पेट्रोल में मिलाया जाता है, तो यह पानी के साथ प्रतिक्रिया करके रंग बदलता है, जिससे पानी की मिलावट का पता चलता है कटंगी के सभी पेट्रोल पंप में जांच की गई कहीं भी कोई अनियमितता सामने नहीं आई. हालांकि सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए पंप संचालकों को कहा गया है।

### जनपद क्षेत्र लांजी के ग्राम भिमोड़ी से टेमनी पहुंच मार्ग का मामला

# पहली ही बारिश में दरकी पांच साल की गारंटी वाली रोड़



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** करोड़ों की लागत से बनी सड़क जगह-जगह धंसने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की कलई खुल गई है। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही के आरोप लगाते हुए प्रशासन से जांच कराने की मांग उठाई है। भिमोड़ी से टेमनी पहुंच मार्ग का निर्माण लोक निर्माण से लोक कल्याण योजना के तहत कराया गया है। परंतु पहली ही बारिश में सड़क निर्माण की पोल खुल गई है। पिछले साल भिमोड़ी से टेमनी पहुंच मार्ग का निर्माण 117.92 लाख से कराया गया था मगर महज डेढ़ किमी लंबी सड़क में कई जगह दरारें पड़ गई हैं जबकि पुल के पास सड़क क्षतिग्रस्त होने से हादसों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों को दरकिनार किया गया। जिससे पहली ही बारिश में सड़क जगह-जगह टूटने लगी है। पांच साल की गारंटी वाली सड़क पहले ही साल में क्षतिग्रस्त होने लगी है। प्रशासन से सड़क की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग उठाई गई है।

**जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यानः** ग्राम भिमोड़ी से टेमनी पहुंच मार्ग की हालत पहली ही बारिश में जर्जर हो चुकी है परंतु उक्त मार्ग निर्माण में पदस्थ इंजीनियर प्रवीण कुमार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। निश्चित रुप से कागजों में बने ग्राम भिमोड़ी से टेमनी पहुंच मार्ग निर्माण में हुए भृष्टाचार में विभागीय इंजिनियर और ठेकेदार के अनोखे गठजोड़ के चलते सड़क निर्माण में घटिया और अमानक स्तर का मटेरियल का इस्तेमाल किया गया है।

**राहगीरों की जान से खिलवाड़ः**लापरवाही का आलम ये है कि, पिछले कुछ दिनों में इस संबंध में रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी ठेकेदार, जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में भी उक्त जनहित की गंभीर समस्या को डालने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो सका है।

**महाराष्ट्र के ठेकेदार ने किया है कामः**उल्लेखनीय है की ग्राम भिमोड़ी से टेमनी पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के टी.बी.एस. इंफास्ट्रक्चर गोंदिया द्वारा किया गया है। वहीं देखा जा रहा है की जनपद क्षेत्र लांजी के अंतर्गत महाराष्ट्र और अन्य राज्यों के जितने भी ठेकेदारों को शासकीय निर्माण कार्य सौंपे जाते है उनके द्वारा निर्माण कार्यों में जमकर अनियमितता और लापरवाही बरती जाती है। जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ता है। वहीं मोटे कमीशन के चक्कर में क्षेत्र में अधिकतर निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके हैं।

### इनका कहना है

उक्त रोड का हस्तांतरण अभी हमे हुआ नहीं है, आपके द्वारा मार्ग की स्थिति से अवगत कराया जा रहा है। बारिश के कारण रोड में बनी पुलियाओं के पास फिलिंग नहीं होने की वजह से रोड दरकी होगी ऐसा अनुमान है। मेरे द्वारा स्थल निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया जाएगा। और वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा।

**प्रवीण कुमार उपयंत्री**
**लोक निर्माण विभाग लांजी**

## बजरंगदल प्रांत संयोजक का एक दिवसीय बालाघाट प्रवास

**लालबर्रा।** बजरंग दल प्रांत संयोजक का बालाघाट आगमन। बजरंगदल जिला सहसंयोजक निलेश चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 04 जुलाई दिन शुक्रवार को बजरंग दल महाकौशल प्रांत के प्रांत संयोजक यतेंद्र पाठक बालाघाट में एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं,साथ ही सिवनी विभाग के विभाग संयोजक देवेंद्र सेन उपस्थित रहेंगे।प्रांत एवं विभाग पदाधिकारी बजरंग दल जिला एवं प्रखंड टोली के कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका उत्साह वर्णन करेंगे एवं दोपहर 2:00 बजे से विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यालय बालाघाट में जिला एवं प्रखंड टोली के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर संगठन के विस्तार हेतु बैठक को संबोधित



### पक्की सड़क बनवाने ग्रामीणों ने विधायक विवेक विक्की पटेल को सौंपा ज्ञापन

# ग्राम की कच्ची सड़कों को बनाकर शहर से जोड़ने कर रहे प्रयासः पटेल



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवन अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी के सैकड़ों ग्रामीणों ने सडक़ बनवाने को लेकर विधायक जनसंपर्क कार्यालय वारासिवनी पहुंच कर विधायक विवेक विक्की पटेल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपां। ग्राम कायदी के रहवासी कई वर्षो से ग्राम में पक्की सडक़ बनवाने की मांग कर रहे थे। लेकिन उनकी मॉग पूरी नहीं हो पा रही हैं। जिससे नाराज होकर सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक विवेक पटेल से सडक़ बनवाने की मांग की। जिस पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया हैं कि बहुत ही जल्द आप लोगों की मांग के अनुसार ग्राम में पक्की सडक़ बन जाएगी।

### बच्चों की परेशानियों को देखते हुए जल्द हो पक्की सडक़ का निर्माण- जितेंद्र सुलाखे

ग्राम कायदी निवासी जितेंद्र सुलाखे ने बताया कि ग्राम कायदी में खेमचन्द्र नगरगड़े के घर से अनिल नगरगड़े के घर तक कच्ची सडक़ हैं। जिससे बारिश के समय बच्चों को स्कूल जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं, जिससे बच्चे कई बार कीचड़ में गिर चुके हैं। हमने कई बार पूर्व के जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन के माध्यम से ग्राम में पक्की सडक़ बनवाने की मांग की थी। मगर किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा सडक़ नहीं बनवाई गई है। चूंकि अब बारिश का मौसम शुरू हो चुका हैं, ऐसे में कभी भी घटना घट सकती हैं। हमने विधायक विवेक विक्की पटेल से पक्की सडक़ बनवाने की मांग की हैं। उन्होंने हम सभी ग्रामवासियों को आश्वस्त किया है कि बारिश के समाप्त होते ही बहुत जल्द ग्राम में पक्की सडक़ का निर्माण शुरू हो जाएगा।

### बारिश के समाप्त होते ही बहुत जल्द शुरू किया जाएगा सडक़ का निर्माण कार्य- विवेक पटेल

इस मौके पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्रामवासियों से कहा कि हमारा काम ग्राम की सडक़ों को शहर से जोडऩा हैं। कच्ची सडक़ होने के कारण बारिश के समय संपर्क टूटा जाता हैं, पूर्व के जनप्रतिनिधि सिर्फ आश्वासन देते थे। हम ग्रामीणों को वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। ग्रामीणों ने ग्राम में पक्की सडक़ बनवाने की मांग की हैं, बारिश के समाप्त होते ही बहुत जल्द पक्की सडक़ का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। हमने चुनाव के पूर्व क्षेत्र की जनता से जो वादे किए थे, उसे पूरा कर रहे हैं। मुझे क्षेत्र की जनता ने चुनाव जिताया हैं, उन्हीं के वोट की ताकत से मै कुर्सी में बैठा हूॅ, मेरा फर्ज है, जो क्षेत्र की जनता मुझे आदेश करे, उसे पूरा करुॅ। मुझसे क्षेत्र की जनता जो काम करवाने कहेगी, मै उसी काम को पूरा करूंगा। क्षेत्र की जनता जैसा काम कहेगी, उन्हीं के अनुसार काम किया जाएगा।

### जनपद पंचायत में कृषि समिति की हुई बैठक

# जनपद के अधीन तालाबों के अतिक्रमण को हटाने पर दिया गया जोर



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** गुरुवार को जनपद पंचायत कटंगी परिसर के सभा हाल में कृषि स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग और पशु चिकित्सा विभाग के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे. कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष जनपद सदस्य चमन डोंगरवार की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई. बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग द्वारा जन कल्याण के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं और इसके लाभार्थियों की विस्तार से जानकारी दी. बैठक में जनपद पंचायत कटंगी के अधीन आने वाले 12 तालाबों के अवैध अतिक्रमण को हटाने को लेकर महत्वपूर्ण रूप से चर्चा हुई. स्थाई समिति के अध्यक्ष चमन डोंगरवार ने तालाबों पर हुए अवैध अतिक्रमण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आगामी वर्ष में बेहतर योजना बनाकर तालाबों के अतिक्रमण को हटाने का विचार रखा. बैठक में जनपद सदस्य श्रीमती ज्योति शैलेंद्र सूर्यवंशी, श्रीमती सुरमन सुखराम राऊत, अजीत कुमार बिसेन सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एच.सी.डहेरिया ने मिलेट मिशन अंतर्गत रागी बीज की मिनी कीट क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारियों के द्वारा जनप्रतिनिधियों के समक्ष पात्र हितग्राहियों को निशुल्क वितरित किया जा रहे हैं जो कि ब्लॉक के सभी क्षेत्र में वितरण हो रहा है. कोदो फसल को प्रोत्साहन देते हुए कोदो अंतरवर्तीय फसल प्रदर्शन की जानकारी दी. धान की जगह मक्का को प्रोत्साहन देने के लिए मक्का बीज का वितरण नगद दिया जा रहा है. कृषि यंत्रों को क्रय करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सब्सिडी में रोटावेटर, सुपर सीडर, पैडी ट्रांसप्लांटर आदि प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया. उन्होंने बैठक के माध्यम से किसानों को जानी-मानी दुकानों से बीज क्रय करने और बिल प्राप्त करने की सलाह दी और जनप्रतिनिधियों से ग्रामीणों को जागरूक करने अपील की. मत्स्य विभाग के अधिकारी डी.पी.मनघटे ने तालाबों के रखरखाव और मछुआरा सहकारी समितियां के गठन के बारे में जानकारी दी और तीन तालाबों का पट्टा भी अनुमोदन किया गया. उन्होंने बैठक में बताया आगरी, भजियापार, महकेपार के तालाबों को मछुआ सहकारी समिति को 10 वर्ष के पट्टे पर प्रदान किए गए है. पशु चिकित्सा अधिकारी देवव्रत डेहरिया ने बैठक में बताया कि अभी उन्नत नस्ल के सांड और गायों को दुग्ध उत्पादन नस्ल सुधार करने के लिए योजनाएं चलाई जा रही है. लक्ष्य अनुसार पशुपालकों को आवेदन कर प्रकरण बैंक में भेज स्वीकृति की जानकारी दी गई. बैठक में उद्यान अधीक्षक देवेंद्र ठाकरे ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद प्रसंस्करण उद्यम योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण यूनिट लगाने जैसे की आटा चक्की, राइस मिल, तेल मिल, गुड़ घाना की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लख रुपए तक के क्रेडिट लिंक अनुदान दिया जाता है इसी प्रकार फल क्षेत्र विस्तार योजना के अंतर्गत नवीन बगियों की स्थापना करने के लिए 40 प्रतिशत अनुदान की पात्रता है जो किसान इस योजना का इच्छुक है वह लक्ष्य के अनुसार आवेदन कर सकता है।

# आधार केंद्रों में रोज उमड़ रही ग्रामीणों की भीड़

## सुधार के नाम पर हो रही फजीहत

**जिले के आधार कार्ड सेंटर इन दिनों अव्यवस्था और अव्यवेदनशीलता का पर्याय बनते जा रहे हैं। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों को रोजाना आधार अपडेट और सुधार कार्य के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सुबह से ही लंबी कतारें लग जाती हैं, लेकिन प्रत्येक केंद्र का टारगेट मात्र 50 लोगों तक सीमित होने के कारण शेष सैकड़ों लोग दिनभर धूप-बारिश में खड़े रहकर अंततः खाली हाथ लौटने को मजबूर हो जाते हैं।

### न सुविधा न व्यवस्था बस 'दूसरे दिन आना' का जवाब!

गांवों से आने वाले वृद्ध, महिलाएं, बच्चे और मजदूर वर्ग के लोग आधार में नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर या बायोमेट्रिक सुधार कराने के लिए सुबह 5 बजे से ही कतार में लग जाते हैं। मगर केंद्रों में न तो बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है, न छांव या पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा। कई बार मारामारी और झगड़े की नौबत तक बन जाती है। यही नहीं, कर्मचारियों की संख्या भी बेहद कम है, जिससे काम की गति और भी धीमी हो जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें आधार अपडेट कराने के लिए कई बार रोज़ आना पड़ता है, जिससे मजदूरी और अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। खासकर फॉर्म भरवाने और दस्तावेज मिलान में घंटों समय लग जाता है, और फिर अंत में जवाब मिलता है आज 50 का नंबर पूरा हो गया, कल आइए!










### प्रशासन की घोर लापरवाही, तत्काल सुधार की मांग

इन हालातों से त्रस्त ग्रामीणजनों ने प्रशासन से मांग की है कि जिलेभर में आधार केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए, कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए और हर केंद्र पर कम से कम 100-150 नागरिकों के कार्य करने की व्यवस्था हो। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थायी या मोबाइल आधार सेवा शिविरों का आयोजन समय-समय पर किया जाए, ताकि लोगों को रोजाना शहर के चक्कर न काटने पड़ें। यदि समय रहते इस मुद्दे पर गंभीर कदम नहीं उठाया गया, तो आने वाले दिनों में जनाक्रोश भडक़ना तय है। प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल सभी आधार केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्टाफ की संख्या बढ़ाए और न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करे ताकि आमजन को अपने अधिकार के लिए यूं दर-दर भटकना न पड़े।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री का दौरा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा गुरूवार 03 जुलाई को सिवनी पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। प्रभारी श्री वर्मा शुक्रवार 04 जुलाई को प्रातः 11 बजे सांदीपनी विद्यालय छपारा में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को लेपटॉप हेतु राशि अंतरण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से उनकी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि सिवनी जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि,पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं तथा उनके आश्रितों की समस्याओं का निराकरण के लिए कलेक्टर कार्यालय सिवनी में अद्र्ध-वार्षिक बैठक का आयोजन माह जुलाई 2025 में किया जाना प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्या या कोई भी लंबित प्रकरण हो तो लिखित में दो प्रतियों में आवेदन-पत्र इस कार्यालय में दिनांक 07 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं। जिससे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, सिवनी (म.प्र.) के अध्यक्ष, कलेक्टर सुश्री जैन से समय तथा तिथि लेकर बैठक का आयोजन किया जा सकें।

# कोतवाली पुलिस की बड़ी सफलताः चोरी और स्नेचिंग के आरोपी गिरफ्तार, 1.39 लाख का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



शहर में हो रही चोरी, स्नेचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए त्वरित कार्यवाही हेतु पुलिम अधीक्षक सुनील मेहता एवं अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक मुपूजा पाण्डे के निर्देशन में थाना प्रभारी किशोर वामनकर के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी व मम्पत्ति की बरामदगी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित किया गया।

दिनांक 28.06.2025 को ढीमरी मोहल्ला आजाद वार्ड सिवनी से कुलदीप बघेल की स्पलेंडर मोटर सायकिल चोरी करना । . दिनांक 30.06.2025 को बस स्टेंड मालू पेट्रोल पम्प के सामने से स्कूटी से जा रही लडकी का मोबाईल छीनना। . दिनांक 02.07.2025 को जबलपुर रोड कांग्रेस कार्यालय के सामने स्कूटी से जा रही लडकी की गले की सोने की चेन छीनना । पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु घटना स्थल के आस पास, शहर के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले जाकर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किये गये, मुखबिर से प्राप्त सूचना तथा सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर संदेही जो कि सराफा बाजार में लुकते छिपते सोने की चैन बेचने के उद्देश्य से आया था जिसे पुलिस टीम द्वारा सूझबूझ एवं तत्परता पूर्वक नेहरू रोड सराफा बाजार में हिरासत में लेकर पूछताछ प्रारंभ की गई, पूछताछ के दौरान संदेही सौरभ बघेल पिता राजकुमार बघेल उम्र 23 साल निवासी ग्राम पलारी थाना लखनवाडा द्वारा दिनांक 28.05.25 को ढीमरी मोहल्ला से उसके रिस्तेदार कुलदीप बघेल की स्पलेण्ड मोटर सायकिल चोरी करके मोटर सायकिल की नंबर प्लेट निकालकर छिपाकर दूसरे नंबर की प्लेट लगाकर उसी मोटर सायकिल से दिनांक 30.06.25 को बस स्टेंड मालू पेट्रोल पम्प के सामने से स्कूटी से जा रही लडकी का मोबाईल छीनना तथा दिनांक 02.07.25 को जबलपुर रोड कांग्रेस कार्यालय के सामने स्कूटी से जा रही लडकी की गले से सोने की चैन छीनने की घटनायें करना स्वीकार किया तथा आरोपी मौरभ बघेल द्वारा तीनो अपराधों में मशरूका एक स्पलेण्डर कंपनी की मोटर सायकिल कीमती 70,000/- रूपये, एक सोने की चैन कीमती 55,000/- रूपये, एक MI कम्पनी का मोबाईल कीमती 14,000/- रूपये विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय प्रस्तुत कर जेल भेजा गया है। **गिरफ्तार आरोपी :** सौरभ बघेल पिता राजकुमार बघेल उम्र 23 साल निवासी पलारी थाना लखनवाडा जिला सिवनी। **थाना कोतवाली टीम** निरीक्षक किशोर वामनकर, सउनि. दिनेश रघुवंशी, (गायचर मेल में मउनि देवेन्द्र जायगवाल), प्र.आर. मनोज मरावी, प्र.आर. चन्द्रप्रकाश अडमे, (पकड़ने में विशेष योगदान आर. अमित रघुवंशी, आर. प्रतीकः बघेल, आर. अंकित देशमुख), आर. जितेन्द्र बघेल एवं चीता मोबाईल थाना डूण्डासिवनी टीम निरीक्षक सतीश तिवारी, आर. नीतेश राजपूत, कृष्ण कुमार भालेकर, आर, विक्रम देशमुख, चन्द्रदीप हिवारे।



# सेवानिवृत्त जवान का हुआ स्वागत

**आपरेशन सिंदूर जम्मू कश्मीर से आए सीआरपीएफ जवान महेश विश्वकर्मा का शिव की नगरी सिवनी मे भव्य स्वागत किया गया। 40 वर्ष सेवा देने के बाद ईनकी सेवानिवृत्ति हुई है।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जन प्रतिनिधि, स्थानीय एवं परिवार के लोग रेलवे स्टेशन से निवास तक ढोल बाजे के साथ उन्हें ले गए। श्री विश्वकर्मा ने इन 40 वर्षों में अलग-अलग बॉर्डर पर अपनी सेवाएं दी है। चंदन टेंट हाऊस के सामने एवं शनि मंदिर छिंदवाड़ा रोड में स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम में पार्षद चंदन सिंह खताविया जलकर सभापति. पार्षद,राजिक अकील सभापति, आर.पी.दुबे जगदीश गुप्ता, धनराज माना ठाकुर, गोपीचंद सनोडिया, राकेश पाल, संदीप,विनोद विश्वकर्मा, शंकर यादव, रितेश माना, कन्हैया खताविया, अशोक जैन,लवकुश खताविया,तूफान माना, राज खताविया,पूरनलाल विश्वकर्मा, नितेश पालीवाल, सनोडिया, राहुल बैश,सतवीर बघेल, संतोष खताविया, सुनील सोनी,लक्षण राव सहित स्थानीय महिला एवं पुरुष शामिल रहे।

# स्वच्छता अभियान संपन्न




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लखनादौन के एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान लखनादौन दिनांक 1 जुलाई 2025 मंगलवार को नागरिकों को जागरूक करने स्वच्छता की आवश्यकता एवं स्वच्छ पर्यावरण से लाभ को दृष्टिगत रखते हुए एनसीसी कैडेट्स द्वारा कर्नल थॉमस ओमेन कमान अधिकारी 24 एमपी बटालियन एनसीसी छिंदवाड़ा के दिशा निर्देशन एवं एनसीसी ऑफिसर नवीन पांडे के मार्गदर्शन में नगर के हृदय स्थल अहिंसा चौक में साफ सफाई की गई स्वच्छता कार्य के दौरान उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता के लाभ और साफ सफाई रखना हेतु जागरूक किया गया स्वच्छता कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री एम एस डेहरिया योग प्रभारी मनोज शर्मा एवं अभिषेक श्रीवास्तव उपस्थित रहे

# 60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व्दारा अवैध शराब एवं अवैध गतिविधियों के हेतु सख्त है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जी.डी. शर्मा के निर्देशन में एवं सी.एस.पी. पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डूण्डासिवनी सतीश तिवारी व्दारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



दिनांक 02.07.25 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि डूण्डासिवनी थाना अन्तर्गत आमाझिरिया क्षेत्र मे भारी मात्रा में शराब खप्त करने के लिए लायी जा रही है जो सुचना पर तत्काल कारवाई करने हेतु टीम गठित कर वाहन चेकिंग प्रांरभ कि गई जो दो व्यक्ति एक टीवीएस एक्सल मोपेट गाडी मे प्लास्टिक की केन लाते हुये दिखे जिन्हे रोककर चेक करने पर उनके पास 04 केन गाडी मे रखी मिली जिनको चेक करने पर प्रत्येक केन में 15-15 लीटर कुल 60 लीटर देशी कच्ची शराब मौके पर मिली जिनसे उक्त शराब परिवहन के सबंध मे वैधानिक दस्तावेज मांगे जाने पर कोई वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर कार्यावाही करते हुये थाना डुण्डासिवनी मे अपराध क्रमांक 305/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया दोनो आरोपीयो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

# एमपीयूडीसी की लोगो तैयार करने के लिये पुरस्कार योजना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी (रूक्कष्ठष्ट) ने क्रिएटिव इनिशिएटिव का शुभारंभ करते हुए एक शानदार 'लोगो' डिज़ाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया है। यह पहल रू4त्रश1 पोर्टल के माध्यम से जन-भागीदारी को प्रेरित करने और कंपनी की शहरी सुधार योजनाओं, शहरों में सीवरेज, जलापूर्ति और अन्य अधोसंरचना से जुड़े कार्यों के प्रति जागरूकता व पहचान को बढ़ावा देने के लिये की गई है।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आम नागरिकों को पोर्टल पर अपना मौलिक डिज़ाइन फॉर्मेट में अपलोड करना होगा। एमपीयूडीसी द्वारा चयनित विजेताओं के लिये प्रतिष्ठित पुरस्कारों का प्रावधान किया गया है, जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये, द्वितीय 5 हजार और तृतीय स्थान के लिए 2 हजार 500 रुपये की नगद राशि शामिल है। प्रविष्टि की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 शाम 5 बजे तक तय की गयी है।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से एमपीयूडीसी का उद्देश्य न केवल एक आकर्षक ब्रांड पहचान स्थापित करना है, बल्कि यह दर्शाना भी है कि कंपनी किस प्रकार जल प्रदाय परियोजना, सीवरेज परियोजना और नगरों से जुडे अधोसंरचना विकास कार्य करने के लिये कार्यरत है।

## सर्पदंश से बचाव के लिए रखें सावधानी

# सर्पदंश की स्थिति में स्वास्थ्य केन्द्र में करायें उपचार

**सर्पदंश के कारण बडी संख्या में लोगों की मृत्यु होती है। विगत वर्ष में जिले में कुल 47 लोगों की मृत्यु सर्पदंश के कारण हुई है। सर्पदंश से सुरक्षा के लिए सामान्य सुरक्षा उपायों का पालन कर इन घटनाओं से बचा जा सकता है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उपयोग करने से पहले स्लीपिंग बैग, जूते और कपड़ों को खोलकर हिलाएं ताकि उनमें छिपे सांप (और अन्य जानवर और कीड़े) बाहर निकल जाएं। किसी पेड़ के नीचे बैठने से पहले जमीन की जांच कर लें। झाड़ियों या गहरी रेत में चलते समय जूते, मोज़े और लंबी पतलून पहनें। रात में टहलते समय, जलावन की लकडियाँ इक_ा करते समय, विशेष रूप से भारी बारिश के बाद, टॉर्च का प्रयोग करें। सांपों को परेशान न करें, उनके पास न जाएं, जमीन पर सोते समय साधारण मच्छरदानी का उपयोग करें अथवा पलंग पर सोएं। बाहर पहाड़ी-खेतों में जाते समय लॉन्ग बूट पहनें। ऐसी जगह पर जहां सांपों का खतरा अधिक रहता है, वहां पर छड़ी से जमीन पर आवाज करते हुए चलें। पत्थरों के नीचे, गड्ढे के अंदर जिन जगहों पर सांपों के छुपे होने की आशंका रहती है, उन जगहों से छेड़छाड़ न करें। अपने घर के आसपास की घास समय-समय पर कटवाते रहें। घर या फिर दुकान में किसी तरह का कबाड़ इक_ा न होने दें। घर या दुकान में छोटे-छोटे गड्ढे और दरार हैं, तो उसे बंद करें। घर के आस पास कूड़ा इक_ा नहीं होने दें। यदि मजबूत चमड़े के जूते न पहने हों तो ऊंची घास वाले स्थानों से दूर रहें। जहां तक सम्भव हो स्वयं को पगडण्डियों तक सीमित रखें।

### सर्प दंश के लक्षण

सांप के डसने या काटने से अलग-अलग लक्षण दिखाई देते हैं। जैसे- काटने वाली जगह पर दर्द-सूजन, उल्टी-जी मिचलाना, अकडऩ-कंपकपी,एलर्जी स्किन कलर में चेंज, पेट दर्द-दस्त, बुखार-सिरदर्द, काटने वाली जगह काली पडऩे लगी हो, कमजोरी,प्यास लगना,लो बीपी, घाव से खून बहना, अंगों के आसपास के हिस्से का सुन्न पडऩा

### सर्प दंश के बाद क्या करें

सबसे पहले जिसे सांप ने काटा है उसे लिटा दें ताकि चलने-फिरने से जहर न फैले। उसे हिम्मत दें जिससे वो घबराये नहीं, घबराने से हृदय की गति बढ़ जाती है, जिससे विष का फैलाव तेजी से हो सकता है। पीडित को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल तत्काल ले जाएं। यदि संभव हो, तो सांप की पहचान करने की कोशिश करें। सांप को पकडऩे या मारने की कोशिश न करें, बस उसके रंग, आकार, और अन्य विशेषताओं को याद रखें। सर्पदंश स्थल को काटने या चूसने की कोशिश न करें। यह विष को हटाने में मदद नहीं करता और संक्रमण का जोखिम बढ़ा सकता है। स्वयं से किसी भी प्रकार की दवाई मरीज को न दें। पीडित व्यक्ति के सर्पदंश वाले भाग पर किसी भी प्रकार का मलहम न लगाये।सपेरे अथवा तांत्रिक के चक्कर में पडे।

### मृत्यु के बाद किसी को जीवन का उपहार देना सिर्फ दान नहीं, अमरता हैः यादव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देहदान या अंगदान करने वालों के परिजन को राज्य सरकार 26 जनवरी एवं 15 अगस्त के कार्यक्रमों में सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मृत्यु के बाद किसी को जीवन का उपहार देना सिर्फ दान नहीं, बल्कि यह अमरत्व प्रदान करने जैसा है।

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एम.एस.(गणित, भौतिक,रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-D इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जांच सुविधा)
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

## अटल टीम के सदस्यों ने पूर्व विधायकद्वय के नेतृत्व में की एसडीएम से मुलाकात

# सोसायटियों से डीएपी व खाद नदारत, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

खेती किसानी का मौसम प्रारंभ होते ही किसानों को डीएपी व अन्य खाद की सोसायटियों में कमी से परेशान होना पड़ रहा हैं। बरसात के होने के साथ खेतों में खार बोने के बाद अब किसान परहा लगाने की तैयारी कर रहा है। लेकिन खेतों में खाद डालने के लिए किसानों को सहकारी सोसायटियों में खाद नहीं मिल पा रहा है।



### वर्तमान में डीएपी व 20.20.013 खाद की आवश्यकता किसानों को

किसानों की इस समस्या को लेकर गुरुवार को अटल टीम के संयोजक व भूतपूर्व विधायकगण डॉ. योगेन्द्र निर्मल व ओंकार सिंह बिसेन के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम राजीव रंजन पांडे से उनके कार्यालय में मुलाकात की। एसडीएम श्री पांडे से चर्चा के दौरान नेताओं ने क्षेत्र की विभिन्न सोसायटियों में डीएपी और 20.20.013 खाद उपलब्ध नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में खेतों में खार और कीचड़ करने के समय इन दोनों खाद की आवश्यकता किसान को पड़ती है। लेकिन सोसायटियों में यह दोनों खाद उपलब्ध नहीं हैं। जिससे किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं।

### नकली खाद व बीज से किसान लुट रहे है

चर्चा के दौरान नेताओं ने नकली खाद व बीज का मामला भी उठाया और नकली खाद व बीज बेचने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने की मॉग भी की। उन्होंने साफ कहा कि नकली खाद व बीज बेचने वाले किसानों को लूट रहे है और उनकी जिंदगी को बरबाद कर रहे है। इसीलिए ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

### शीघ्र खाद उपलब्ध करवाने का दिया आश्वासन

नेताओं से चर्चा के दौरान एसडीएम श्री पांडे ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें शीघ्र ही सोसायटियों में डीएपी व अन्य आवश्यक खाद उपलब्ध करवाने के बारे में कहा। जिस पर अधिकारियों ने शीघ्र ही सोसायटियों में डीएपी व अन्य खाद उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

एसडीएम से मिलने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए भूतपूर्व विधायक ओंकार सिंह बिसेन ने कहा कि सोसायटी में खाद की किल्लत है। वर्तमान समय में खेत में कीचड़ के लिए डीएपी या 20.20.013 की आवश्यकता पड़ती है, वारासिवनी-खैरलॉजी की 27 सोसायटियों में इस खाद की कमी है।

सोसायटियों में यूरिया खाद मिल रही है, जिसकी अभी आवश्यकता नहीं पड़ती हैं। इसीलिए शीघ्र बालाघाट जिले में डीएपी व 20.20.013 खाद की पूर्ति की जाये। वहीं क्षेत्र में नकली खाद व बीज की बिक्री पर अंकुश लगाना चाहिए, क्योंकि जब तक जॉच रिपोर्ट आती हैं, तब तक दुकानदार नकली बीज व खाद बेच देता है। फिर जब खार नहीं निकलती है, तब किसान अपने आप को ठगा सा महसूस करता है और फिर तत्काल नये बीज की व्यवस्था नहीं कर पाता है, जिससे उसको भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

### नर्सरी व कीचड़ करने के लिए खाद की बेहद आवश्यकता-डॉ. निर्मल

वहीं पूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में डीएपी की कमी है। नर्सरी व कीचड़ के लिए इसकी आवश्यकता है। किसानों व साथियों की शिकायत के बाद हम सभी अटल टीम के सदस्यों के साथ एसडीएम साहब से मिलने के लिए आए थे। उन्होंने कहा कि बिजली की व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण रबी की फसल के दौरान किसानों को नुकसान उठाना पड़ा था। इस बार खरीफ फसल में बिजली की व्यवस्था ठीक बनाये रखने का दायित्व प्रशासन का है। आग लगने पर कुँआ खोदने की बात नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों को पता हैं कि जिले में कितना रकबा रबी व खरीफ की फसल का हैं और कितने खाद की आवश्यकता किसानों को पड़ती हैं, इसकी भी जानकारी उन्हें है, तो फिर समय के पूर्व खाद की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी भी अधिकारियों की है। लेकिन उनके द्वारा ऐसा नहीं कर किसानों को परेशान किया जाता है।

## गड्ढेजस के तस, नहीं हो रही बालाघाट-सिवनी मार्ग की मरम्मत



कंजई घाटी तक मार्ग पर गड्ढों की भरमार है जो दुर्घटनाओं को निमंत्रण है। बा व जू द जिम्मेदार है कि मार्ग पर उभरे बड़े-बड़े और जानलेवा हो चुके गड्ढो की सुध तक नहीं ले रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बालाघाट सिवनी मार्ग पर अनेकों जगह बड़े गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं,लेकिन मरम्मत नहीं हो रही है ना गड्ढे भरे जा रहे हैं।और सड़क की दोनों पटरी के हाल बेहाल है जिससे दो पहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कत हो रही है फिर भी मरम्मत नहीं हो रही है बारिश शुरू है ऐसे में गड्ढो में पानी भरा रहने से आम राहगीरों को भारी परेशानियों से आवागमन करना पड़ रहा है दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा जनहित की दृष्टि से बालाघाट सिवनी मार्ग पर फैली अवस्थाओं पर खबर का प्रकाशन कर जिम्मेदार विभाग को सड़क की दुर्दशा पर ध्यान आकृष्ट कराया जाता आ रहा है लेकिन खस्ताहाल हो रहे मार्ग की मरम्मत नहीं कराई जा रही है जिसकी तस्वीर आप देख सकते हैं। लालबर्रा से कंजई घाटी तक मार्ग पर गड्ढों की भरमार है जो दुर्घटनाओं को निमंत्रण है। बा व जू द जिम्मेदार है कि मार्ग पर उभरे बड़े-बड़े और जानलेवा हो चुके गड्ढो की सुध तक नहीं ले रहे हैं। मरम्मत नहीं कर रहे जिससे आम राहगीरों और वाहनों को आवाजाही में भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है सड़क की दुर्दशा पर आम रहागीरों का सवाल जवाब दो जिम्मेदार.. क्यों नहीं हो रही सड़क की मरम्मत।

बालाघाट सिवनी मार्ग पर गड्ढो का अंबार देखा जा सकता है गड्ढो में पानी भरे रहने से दुर्घटनाएं हो रही है लालबर्रा से कंजई तक मार्ग खस्ताहाल दिखाई दे रहा है फिर भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जा रही है।आम राहगीर जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे है। प्रशासन अगर मार्ग की मरम्मत नहीं करता तो मार्ग जल्द ही गड्ढो में तब्दील दिखाई देगा और अनहोनी घटनाएं घटित होगी जल्द मरम्मत की मांग प्रबुद्ध जनों की है।

### ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन के पंजीयन के लिये 2 दिन शेष

**बालाघाट।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार द्वारा जिले में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 19 जून से प्रारंभ हो गई है। किसान 05 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के विक्रय के लिये अपना पंजीयन करा सकेंगे। उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा रबी वर्ष 2025 में मूंग का समर्थन मूल्य 8 हजार 682 रुपये प्रति क्विंटल एवं उड़द का समर्थन मूल्य 7 हजार 400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। बालाघाट जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के रकबे के आधार पर कुल 13 पंजीयन केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें बालाघाट तहसील के लामता व पायली, लालबर्रा तहसील के मिरेगांव व डोकरबंदी, वारासिवनी तहसील के कायदी, किरनापुर तहसील के बड़गांव, कटंगी तहसील के बनेरा, तिरोड़ी तहसील के परसवाड़ाघाट, बैहर तहसील के दलदला, बिरसा तहसील के मानेगांव और खैरलांजी, लांजी व परसवाड़ा को पंजीयन केंद्रो में शामिल किया गया है।

## प्रदेश अध्यक्ष पटवारी पर एफआईआर पर एसपी से मिले कांग्रेसी, सौंपा ज्ञापन

*कहा वापस ली जाए एफआईआर, नहीं तो सड़को पर उतरकर कांग्रेस करेगी आंदोलन*

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, जीतु पटवारी के खिलाफ, प्रदेश के अशोकनगर जिला अंतर्गत मुंगावली थाना में दर्ज अपराध को खत्म करने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने एसपी आदित्य मिश्रा को पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने, बताया कि मुंगावली थाना अंतर्गत मुंडरा निवासी युवक को मल खिलाने की घटना में पीड़ति की आवाज उठाने पर राजनीतिक दुर्भावनापूर्वक, प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी पर अपराध दर्ज किया गया है। जिसे एफआईआर को वापस लिया जाए। अन्यथा कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

दरअसल, अशोकनगर के मुंगावली थाना अंतर्गत मुंडरा निवासी के साथ मारपीट कर उसकी मोटर सायकिल छिनने और कथित तौर से मल खिलाने की घटना, विगत दिनों सामने आई थी। जिसमें कांग्रेस का कहना है कि पीड़ति, ओरछा कार्यक्रम में पहुंचे जीतु पटवारी से मिले और उन्हें अपनी साथ हुई घटना बताई। जिस पर प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी ने कलेक्टर से मामले में संज्ञान लेने कहा। जिसके बाद उन पर मामला दर्ज कर लिया है। कांग्रेस का आरोप है कि राजनीति दबाव में शिकायतकर्ता से शपथ बनाकर, राजनीतिक दुर्भावना और विपक्ष के लगातार पीड़ितो की आवाज उठाने पर सरकार के संरक्षण में पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसपी से प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज एफआईआर को वापस लिए जाने की मांग को लेकर पहुंचे विधायक विवेक पटेल ने कहा कि एफआईआर दुर्भावनापूर्वक की गई है। जिसे वापस लेने की मांग कांग्रेस ने की है और यदि एफआईआर को वापस नहीं लिया जाता है तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कहा कि पूरे प्रदेश में एससी, एसटी और अन्य लोगो के साथ हो रही प्रताड़ना और शोषण के खिलाफ, कांग्रेस आवाज उठा रही है, जिसके हैरान और परेशान, भाजपा ने दबाव बनाकर, प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिसे यदि वापस नहीं लिया जाता है तो कांग्रेस का सिपाही, सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए मजबूर होगा। संगठन मंत्री शफकत खान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दुर्भावनापूर्वक है, जिसे समाप्त किया जाना चाहिए।

### सरपंच संघ जिलाध्यक्ष वैभव सिंह बिसेन की सफल हुई मेहनत

## वनविकास समिति लेंडेझरी के अध्यक्ष बने रूपचंद बिसेन

### तीन उम्मीदवारों ने दिया समर्थन तो एक उम्मीदवार ने लिया नाम वापस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।







वनविकास समिति लेंडेझरी के निर्वाचन में रूपचंद पिता बानाजी बिसेन, निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो गए है। हालांकि चुनाव कार्यक्रम के तहत, अधिकृत घोषणा कल की जाएगी लेकिन, चुनाव में सभी प्रत्याशियों के नामांकन फार्म वापस ले लिए जाने से यह साफ हो गया है कि रूपचंद बिसेन, वन विकास समिति लेंडेझरी के नए अध्यक्ष होंगे, जो कि चित्रसेन चौहान का स्थान लेंगे। चित्रसेन चौहान का कार्यकाल 8 वर्षों का रहा जिसमें उन्होंने वन समिति के अनेकों विकास कार्य किए।दरअसल, चुनाव कार्यक्रम के तहत वन विकास समिति लेंडेझरी के निर्वाचन की जारी अधिसूचना के अनुसार 30 जून से 1 जुलाई तक नामांकन और 3 जुलाई तक नामांकन फार्म वापसी का समय निर्धारित था। निर्वाचन के लिए रूपचंद बिसेन, निवर्तमान अध्यक्ष चित्रसेन चौहान, युवा नेता थानसिंह चौहान, लेंडेजरी ग्रा.पं.वार्ड 3 के पंच निरंजन बिसेनऔर पूर्व सरपंच एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि भाजपा नेता बाबुलाल भगत ने अपना नामांकन जमा किया था। लेकिन नामांकन फार्म वापसी तक चित्रसेन चौहान, थानसिंह चौहान, निरंजन बिसेन ने, रूपचंद बिसेन के समर्थन में अपना नामांकन वापस ले लिया। जबकि 03 जुलाई को पूर्व सरपंच और जनपद सदस्य प्रतिनिधि भाजपा नेता बाबुलाल भगत ने अपना नामांकन फार्म वापस ले लिया, जिससे निर्वाचन में रूपचंद बिसेन, इकलौते प्रत्याशी होने से निर्विरोध निर्वाचित हो गए। आपको बताते चले कि रूपचंद बिसेन, गर्रा सरपंच और सरपंच संघ जिलाध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन के खेमे के माने जाते है, जिन्हें अध्यक्ष बनाने के लिए वैभवसिंह बिसेन और पूर्व जनपद सभापति श्रीमती रंजना राधेलाल चौहान चुनाव की घोषणा और अधिसूचना जारी होने के बाद से लगातार सक्रिय रहे और अंततः सक्रियता और राजनीतिक विद्वता से उन्होंने अपने साथी रूपचंद बिसेन को निर्विरोध निर्वाचित कराने में सफल रहे। सरपंच संघ जिलाध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन ने बताया कि यह पूरा चुनाव मा विधायक अनुभा मुंजारे जी के कुशल नेतृत्व में लड़ा गया था उन्होंने मा अनुभा मुंजारे जिनका आभार व्यक्त किया है जिनकी वजह से लेंडेजरी जैसे गांव में भी प्रशासन ने पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई।साथ ही वन विभाग के अधिकारी श्री छत्रपाल जादौन जी और कर्मचारियों का भी धन्यवाद किया है जिन्होंने पारदर्शीता अपनाते हुए साफ सुथरा निर्वाचन करवाया।

### फलदार और छायादार पौधे लगाए कर सुरक्षित रखने का लिया संकल्प

## कृषि उपज मंडी किन्ही में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी तहसील मुख्यालय से करीब एक किलोमीटर दूर कृषि उपज मंडी किन्ही खैरलांजी में गुरुवार 3 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस दौरान कृषि उपज मंडी परिसर में आम, पिपल, मुगना, बेल, जामुन, पाम, सतुर, बी जाम सहित विविध प्रजाति के फलदार और छायादार पौधे रोपे गए एंव लगाए गए पौधो की देखभाल करने का निर्णय लेते हुए टी गार्ड लगाकर सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया एंव पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।इस दौरान पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खैरलांजी तहसीलदार छवि पंत,नयाब तहसीलदार डी.एल परते, हेमराज सुलाखे ,भानेश्वर तुरकर लेखापाल,भूषण लांजेवार,निशा मर्सकोले, लालसिंग आर्मो, सहित अन्य कृषि उपज मंडी विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिन्होंने मंडी परिसर में पौधे लगाए कर सुरक्षित रखने का निर्णय लिया एवं पर्यावरण संरक्षण को बढावा देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया । इस दौरान कृषि मंडी के पदाधिकारी भूषण लांजेवार ने बताया कि मंडी परिसर में छायादार, फलदार पौधे लगाए गए और उनकी देखभाल करने का निर्णय लिया गया साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए सबको पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

### दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया तहसील लांजी की पहल

## अंधश्रद्धा एवं कार्यकर्ता/चिंतन शिविर 5 व 6 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च शिखर धम्म संघठना दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया अपने उद्देश्यो की पूर्ति एवं आम धम्म बंधुओ को समस्त महापुरूषो के विचारो से अवगत कराने हेतु संस्था के 24 प्रकार के धम्म प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन पूरे देश व प्रदेश में निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में बालाघाट जिले की लांजी तहसील मुख्यालय के बुद्धघोष बुद्ध विहार दखनीटोला में एक दिवसीय अंद्धश्रद्धा एवं कार्यकर्ता/ चिंतन धम्म प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 5 एवं 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे से किया गया है। शिविर के मुख्य अतिथि एवं मुख्य प्रशिक्षक एम.डी.सरोदे गुरूजी केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग उप प्रमुख एवं वरिष्ठ केन्द्रीय शिक्षक मुंबई, प्रमुख अतिथि एवं प्रशिक्षक भीमराव कांबले जी राष्टीय सचिव एवं केन्द्रीय शिक्षक मुंबई, प्रमुख अतिथि,शिविर के उदघाटक,प्रशिक्षक मध्यप्रदेश राज्य शाखा द.के अध्यक्ष व केन्द्रीय शिक्षक डॉ.चरनदास ढेंगरे म.प्र.बालाघाट, शिविर के अध्यक्ष प्रमोद भिमटे अध्यक्ष तहसील शाखा लांजी, प्रमुख अतिथि आर.के.कठाने प्रदेश सचिव होगें। इसी प्रकार विशेष अतिथियो में हेमलता राजेन्द्र डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्यालय सचिव, एस.एल.रंगारे जिला अध्यक्ष बालाघाट, खुशीयाल मेश्राम जिला उपा., प्रमीला ताई चौहान जिला कोषाध्यक्ष व जिला सचिव, अशोक मेश्राम, धरम श्यामकुंवर, के.के.भालाधरे, संघठक पी.एल.भालाधरे, पुरनलाल मेश्राम,पूर्व अध्यक्ष बी.आर. रामटेके, सी.एल.बोरकर कोषाध्यक्ष, शशि बौद्ध, धर्मशीला मेश्राम तहसील व नगर अध्यक्ष प्रज्ञा महिला मंडल लांजी, कमलकिशोर मेश्राम नगर अध्यक्ष लांजी,एम के बौद्ध पूर्व अध्यक्ष लांजी होगें। प्रशिक्षण शिविर में अंद्धश्रद्धा, श्राद,अंधश्रद्धा एक सामाजिक समस्या है। अंद्धश्रद्धा एवं भोंदुगिरी के प्रकार, निर्मुलन के प्रत्याक्षिक,उसी प्रकार कार्यकर्ता/चिंतन शिविर में दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के ध्येय, उदिस्ट एवं मिशन शाखा का कामकाज हिसाब कैसे करे,लिखे, कार्यकर्ता एवं प्रबंधन की आचार संहिता,पदाधिकारी व उनकी जिम्मेदारियां अंत में शिविरार्थियों का मनोगत व वरिष्ठो का मार्गदर्शन होगा। कार्यक्रम का संचालन बी.आर. गजभिये महामंत्री लांजी द्वारा किया जावेगा। उक्त प्रशिक्षण शिविर में लांजी एवं समस्त जिले वासियों को शुभ्र वस्त्र धारण कर निर्धारित समय में उपस्थिति की अपील तहसील शाखा, समस्त सर्कल, ग्राम शाखाए,नगर शाखा व प्रज्ञा महिला मंडल द्वारा की गई है।

### बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए बनाया गया कंट्रोल रूम

बालाघाट।

वर्षा ऋतु के दौरान बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा की स्थिति निर्मित होने पर बचाव एवं राहत के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम से दूरभाष नम्बर 07632-240102 पर सम्पर्क किया जा सकता है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील रहता है। जिले में कहीं पर भी बाढ़ या अन्य किसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति निर्मित होती है तो बचाव एवं राहत के लिए कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर पर सूचना दी जा सकती है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं हितांश मर्सकोले पिता ललित मर्सकोले निवासी मण्डई तहसील बिरसा जिला बालाघाट, जो कि आधार कार्ड में मेरा नाम डिव्यांश मर्सकोले दर्ज है जो कि गलत है। जबकि जन्म प्रमाण पत्र में हितांश मर्सकोले है जो कि सही है।

पुराना नाम - डिव्यांश मर्सकोले
नया नाम - हितांश मर्सकोले

यह कि आज दिनांक से मुझे मेरे सही नाम से जाना पहचाना जाये एवं सभी दस्तावेज में मेरा नाम हितांश मर्सकोले लिखा व पढ़ा जावे ।


### दिनभर छाई रही बदली, लांजी में अब तक 33 मिमी वर्षा

## तीन दिन बाद थमी बारिश, लोगों को मिली राहत

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** तहसील क्षेत्र लांजी में तीन दिनों की लगातार बारिश के बाद आखिरकार बारिश थम गई है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। बारिश के रुकने से लोगों को जलजमाव और अन्य समस्याओं से निजात मिली है। लगातार बारिश के कारण क्षेत्र में कई जगहों पर जलजमाव हो गया था, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। बारिश के थमने से अब लोगों को आवागमन में आसानी होगी और दैनिक जीवन सामान्य हो सकेगा। बारिश के कारण फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है, और अब बारिश के रुकने से किसानों को भी राहत मिलेगी। बुधवार की शाम से वर्षा के थम जाने से जनमानस ने रात की सांस ली है। लगातार बारिश से खेत-खलिहान लबालब हो गए हैं। नदी-नालों का जल स्तर बढ़ गया है। इस तरह से लगातार वर्षा से खेती किसानी के कार्यो में एक तरह से रुकावट आ गई। वहीं दूसरी ओर बारिश से देर से पकने वाले धान के खेतों में जलभराव हो जाने को आगामी खरीफ फ सल के लिए किसान फ ायदेमंद बता रहे है। बुधवार की शाम बारिश बंद होने के बाद अगले दिन नहीं हुई, लेकिन आसमान में बदली दिन भर छायी रही। मौसम पूरी तरह खुशनुमा रहा, किंतु बारिश थमते ही एक बार फि र से उमस पडऩे लगी है। यदि इस तरह के हालात रहे तो आने वाले एक-दो दिन में और उमस बढ़ सकती है। कार्यालय अधीक्षक भू. अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार लांजी में अब तक



लांजी में 33 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है।

### हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल के प्रचार्यो की हुई समीक्षा बैठक

**बालाघाट।** जिले में हायर सेकेंडरी और हाई स्कूलों के प्राचार्यों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सहायक आयुक्त श्री राहुल नायक की अध्यक्षता में 03 जुलाई को उत्कृष्ट विद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 94 संकुल की 355 शैक्षणिक संस्थाओं के प्रचार्यो को कक्षा 9वी से 12वीं तक के अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्रों के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (NSP) पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।


सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट

ADMISSIONS OPEN 2025-26

AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE
ABM

PARAMEDICAL
BPT | BMLT
BHN | DMLT | DXRT
D.Pharmacy (ayur.)

COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA | MCA
B.SC. | M.SC.
DCA | PGDCA

COMMERCE
• B.Com • M.Com

NURSING
GNM | B.Sc.Nurs.

कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111